PendulumEdu







करेंट अफेयर्स

24-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**24th November 2019**

www.pendulumedu.com

# करेंट अफेयर्स – 24 नवंबर 2019

## 1. एन सी सी (NCC) ने 24 नवंबर 2019 को अपना 71 वाँ स्थापना दिवस मनाया।

- राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) –एन सी सी ने 24 नवंबर 2019 को अपना 71 वाँ स्थापना दिवस मनाया।
- इस अवसर पर रक्षा सचिव अजय कुमार और एन सी सी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चोपड़ा के द्वारा राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रृद्धांजली अर्पित की गई।
- **राष्ट्रीय कैडेट कोर**
    - यह स्वैच्छिक आधार पर स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए खोला गया है।
    - इसकी स्थापना 16 अप्रैल 1948 में राष्ट्रीय कैडेट कोर एक्ट के अंतर्गत की गई थी।
    - इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में है।
    - इसका उद्देश्य– *'एकता और अनुशासन'* है।

## 2. मिथिला भाषा के संवर्द्धन के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

- हाल ही में **मिथिला विभूति और स्मृति पर्व समारोह** का आयोजन **नई दिल्ली** में किया गया।
- इस अवसर पर सरकार ने मिथिला भाषा के संवर्द्धन के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इस भाषा को भारतीय संविधान की आठवी अनुसूची में शामिल करवाया था।
- आठवी अनुसूची में मिथिला समेत कुल **22 भाषाएं** शामिल हैं।
- मिथिला या मैथिली एक **इंडो–आर्य भाषा** है। जो कि मुख्य रूप से **भारत और नेपाल** में बोली जाती है।

- यह नेपाल की **122 प्रमुख भाषाओं** में से एक है।
- भारत में मुख्यतः यह भाषा **बिहार और झारखण्ड** राज्यों में बोली जाती है।

## 3. अभिनेत्री शौकत कैफी का मुंम्बई में निधन।

- शबाना आज़मी की माँ और दिग्गज अभिनेत्री शौकत कैफी का 93 वर्ष की आयु में मुंम्बई में निधन हो गया।
- कैफी के पति उर्दू कवि और फिल्म गीतकार कैफी आज़मी थे।
- वे और उनके पति भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के सांस्कृतिक मंच पीपुल्स थियेटर एसोसिएशन और प्रोग्रेसिव राइटर्स एसोसिएशन के प्रमुख प्रकाशक थे।
- शौकत कैफी ने *बाजार, उमराव जान* और मीरा नायर की ऑस्कर के लिए नामित फिल्म *सलाम बॉम्बे* में भी काम किया है।
- उनकी आखिरी फिल्म शाद अली की *साथिया* थी।
- 2002 में उन्होनें एक आत्मकथा– *'कैफी और आई'* लिखी थी।

## 4. जम्मू कश्मीर में 20 नये जन औषधी और अमृत स्टोर खोले जाएगें।

- जम्मू कश्मीर में रोगियों के फायदे के लिए 20 नये जन औषधी और अमृत स्टोर खोले जाएगें।
- इस अवसर पर जम्मू कश्मीर के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त अटल दुल्लू ने जम्मू में इस कामकाज की प्रगति के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की।
- जन औषधी और अमृत स्टोर देश में **प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी परियोजना** के तहत खोले जाएगें।
- यह **रासायन और उर्वरक मंत्रालय** के अंर्तगत **फार्मास्यूटिकल विभाग** द्वारा शुरू की गई एक योजना है।

- **अफॉर्डेबल मेडिसिन एण्ड रिलाएबल इंप्लान्ट फॉर ट्रीटमेंट** (AMRIT) अर्थात् अमृत का उद्देश्य लोगों को जेनेरिक नहीं बल्कि ब्रांडेड दवाएं सस्ती दर पर उपलब्ध करवाना है।
- जन औषधी स्कीम का उद्देश्य लोगों को जेनेरिक दवाओं को कम दर पर उपलब्ध करवाना है।

**5. एक अध्ययन के अनुसार प्रशांत क्षेत्र में लंबे समय तक सतह का तापमान बढ़ने का कारण एलनीनो है।**

- एक अध्ययन के अनुसार प्रशांत क्षेत्र में लंबे समय तक सतह का तापमान बढ़ने का कारण एलनीनो है। जो कि एक जलवायु प्रक्रिया है। यह वर्तमान में मानव प्रेरित जलवायु परिवर्तन के कारण इसकी बारंबारता में वृद्धि हो गई है।
- एलनीनो वर्तमान युग में अधिक तीव्र हो गये हैं। इसका प्रभाव तूफान, सूखा और प्रवाल विंरजन के रूप में सामने आ रहा है।
- प्रशांत महासागर में पेरू तट के निकट **हम्बोल्ट की ठंडी धारा** का स्थान **विपरीत भूमध्य गर्म सागरीय धारा** ले लेती है। इस कारण से आवृत रूप में समुद्री तट के गर्म हो जाने की घटना को एलनीनो कहा जाता है। चूंकी यह घटना क्रिसमस के समय होती है अतः इसे एलनीनो नाम दिया गया है। जिसका अर्थ है 'बालक ईसा'।
- एलनीनो का दक्षिणी दोलन जिसे कि इनसो (ENSO) कहा जाता है औद्योगिक युग की अपेक्षा अब 25 प्रतिशत अधिक मजबूत हुई है।

**6. शोधकर्ताओं ने पृथ्वी पर ऐसे जलीय वातावरण की खोज की जिस पर जीवन के किसी भी रूप की पूर्ण अनुपस्थिति है।**

- हाल ही में शोधकर्ताओं ने पृथ्वी पर ऐसे जलीय वातावरण की खोज की है जिस पर जीवन के किसी भी रूप की कोई उपस्थिति नहीं है।
- ***इथोपिया के डॉलोल*** भूतापीय क्षेत्र के गर्म, खारे और हाइपर साइड तालाबों में सूक्ष्म जीवों का कोई भी रूप उपस्थित नहीं है।
- यह शोध आवास की सीमाओं को समझने में मदद करता है।

- साथ ही इस बात का साक्ष्य भी है के पृथ्वी पर ऐसे क्षेत्र भी मौजूद हैं जहाँ पानी तो है परंतु वहाँ जीवन का स्वरूप नहीं है। अर्थात् वह क्षेत्र उर्वर नहीं है।

## 7. मणिपुर में संगाई महोत्सव 2019 की शुरूवात।

- **मणिपुर** में एक सप्ताह चलने वाले राज्य के सबसे बड़े संगाई महोत्सव 2019 की शुरूवात 24 नवंबर 2019 से इम्फाल के हपता कांगजेईबुंग में की गई है।
- इसका आयोजन राज्य पर्यटन विभाग द्वारा किया जाता है।
- राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस महोत्सव का प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है।
- महोत्सव के दौरान ना केवल इस राज्य के बल्कि अन्य राज्यों के भी सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक खेल और लोक नृत्य आदि का प्रदर्शन किया जाता है।
- इसका समापन 30 नवंबर 2019 को किया जाएगा।

## 8. केंद्र सरकार के द्वारा नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (NDFB) पर प्रतिबंध पांच साल और बढ़ाया गया।

- केंद्र सरकार के द्वारा नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड एवं उसके सभी समूहों, गुटों और मोर्चों पर प्रतिबंध पांच साल के लिए और बढ़ा दिया गया है।
- इसे गैर कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) कानून 1967 के सेक्शन–3 के अंतर्गत बढ़ाया गया है।
- सरकार के अनुसार यह संगठन 2015 में 62 हिंसक घटनाओं में शामिल था।
- जिसमें 55 उग्रवादी मारे गये और 450 चरमपंथी गिरफ्तार कर लिये गये थे।
- **नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड**
    - यह एक अलगाववादी संगठन है।

- इसकी स्थापना 3 अक्टूबर 1986 में की गई थी।
- इस संगठन का मुख्यालय **म्यांमार** में है।
- भारत के **असम** में यह संगठन सक्रिय है।
- इसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य बोड़ो लोगों के लिए एक अलग संप्रभु बोडोलैंड प्राप्त करना है।

## 9. मैराथन मैन किपचोगे और बाधा दौड़ की नायिका मुहम्मद ने 'एथलीट ऑफ द ईयर' का खिताब जीता।

- हाल ही में मैराथन मैन किपचोगे और बाधा दौड़ की नायिका मुहम्मद ने 'एथलीट ऑफ द ईयर' का पुरस्कार जीत लिया है। किपचोग ने 42.195 किलोमीटर लम्बी मैराथन 1 घण्टा 59 मिनट और 40 सेकंड में पूरी की थी।
- वहीं **दलीला मुहम्मद** बाधा दौड़ में विश्व चैंपियन हैं। उन्होनें यू एस ट्रायल्स में 52.20 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था।
- यह अर्वाड्स वर्ल्ड एथलेटिक्स (पूर्व IAAF) के द्वारा आयोजित किये जाते हैं।

## 10. 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने कुल 6 स्वर्ण पदक जीते।

- 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने कुल 6 स्वर्ण पदक प्राप्त कर लिए हैं।
- 48 किग्रा. भार वर्ग की फ्री–स्टाइल स्पर्धा में आकाश ने शानदार प्रदर्शन कर जापान के दायकी ओकावा को हराया।
- 68 किग्रा. भार वर्ग– अंकित गुलिया
- 75 किग्रा. भार वर्ग– चिराग धालिया
- 39 किग्रा. भार वर्ग– कोमल
- 36 किग्रा. भार वर्ग– बबली
- 33 किग्रा. भार वर्ग– सलोनी

- 125 अंकों के साथ भारत इस स्पर्धा में शीर्ष पर है।
- जबकि 120 अंक हासिल कर कज़ाकिस्तान दूसरे स्थान पर है।
- इस स्पर्धा का आयोजन **चीन के ताइपे** में किया जा रहा है।

## समसामयिक प्रश्नोत्तर

1. नेशनल कैडेट कोर का उद्देश्य क्या है?

a. एकता और अखण्डता

b. अनुशासन और राष्ट्र सेवा

c. एकता और अनुशासन

d. कर्तव्य और अनुशासन

उत्तर– c

2. मैथिली भाषा के संबंध में क्या सही नहीं है?

a. यह एक इंडो–आर्य भाषा है।

b. आठवीं अनुसूची में मिथिला समेत 22 भाषाएं शामिल हैं।

c. भारत में यह भाषा केवल बिहार में बोली जाती है।

d. यह नेपाल की 122 प्रमुख भाषाओं में से एक है।

उत्तर– c

3. हाल ही में शौकत कैफी का निधन हो गया, उनका संबंध किस क्षेत्र से है?

a. अभिनय

b. खेल

c. पत्रकारिता

d. राजनीति

उत्तर– a

4. जन औषधी स्टोर भारत सरकार की किस योजना के अंतर्गत खोले जा रहे हैं?

a. सभी के लिए जन औषधी स्कीम

b. प्रधानमंत्री जन औषधी भारतीय परियोजना

c. सभी के लिए सस्ती दवा

d. प्रधानमंत्री अमृत योजना

उत्तर– b

5. प्रशान्त महासागर में विपरीत भूमध्य सागरीय धारा किस धारा को विस्थापित करती है जिसके कारण से एलनीनो प्रभाव उत्पन्न हो जाता है?

a. ठंडी फॉकलैंड धारा

b. गर्म भूमध्य सागरीय धारा

c. गर्म ब्राजीलियन धारा

d. ठंडी हम्बोल्ट धारा

उत्तर– d

6. हाल ही में शोधकर्ताओं ने पृथ्वी पर ऐसे जलीय वातावरण की खोज की जिस पर जीवन के किसी भी रूप की कोई उपस्थिति नहीं है, यह स्थान किस देश में स्थित है?

a. ऑस्ट्रेलिया

b. फिलीपिंस

c. इथोपिया

d. भारत

उत्तर– c

7. संगाई महोत्सव किस राज्य का सबसे बड़ा महोत्सव है?

a. असम

b. ओडिसा

c. मध्य प्रदेश

d. मणिपुर

उत्तर– d

8. केंद्र सरकार के द्वारा नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड पर प्रतिबंध पांच साल के लिए और बढ़ा दिया गया है, यह संगठन किस राज्य में सक्रिय है?

a. मेघालय

b. मिज़ोरम

c. असम

d. पश्चिम बंगाल

उत्तर– c

9. 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की एशियन कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन कहाँ किया जा रहा है?

a. चीन के ताइपे में

b. सिओल, दक्षिण कोरिया

c. नई दिल्ली, भारत

d. साई कुंग, हाँगकाँग

उत्तर– a

10. निम्नलिखित में से किसने एथलीट ऑफ द ईयर का खिताब जीता है?

a. दलीला मोहम्मद

b. सेरेना विलियम्स

c. उसैन बोल्ट

d. पॉल पोगबा

उत्तर– a

Attempt Free SSC CPO Paper I Mock Test

Read Daily Current Affairs 23 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 23 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 24 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

## Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile

